कार्यालय प्राचार्य, शासकीय जे.पी. वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय

बिलासपुर (छ.ग.) (नैक मूल्यांकन 'ए' ग्रेड)

Email - gpgacc.bsp@gmail.com Website - www.gjpvpgc.in

क्रमांक / 2829 / स्था. / 2021 बिलासपुर, दिनांक – 04 / 10 / 2021

प्रति,

सहायक संचालक (वित्त)
कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा,
ब्लॉक–सी–30, द्वितीय एवं तृतीय तल,
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट

विषय :– वर्ष 2021–22 का पुनरीक्षित एवं वर्ष 2022–23 का बजट अनुमान के संबंध में।

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक 194 / 86 / आउशि / बजट / 2021 रायपुर, दिनांक 30 / 09 / 2021

––00––

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के निर्देशानुसार विभागीय भवन एवं गैर आवासीय भवन एवं अन्य निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग से प्राप्त प्राक्कलन मानचित्र के साथ वर्ष 2021–22 का पुनरीक्षित एवं वर्ष 2022–23 का बजट अनुमान निम्न विवरण के अनुसार संलग्न कर प्रेषित है।

स.क्र.	विवरण	पुनरीक्षित अनुमान वर्ष 2021–22	बजट अनुमान वर्ष 2022–23
1	नवनिर्मित महाविद्यालय भवन के ऊपर द्वितीय / तृतीय तल का निर्माण हेतु प्राक्कलन	111.03 लाख	111.40 लाख
2	महाविद्यालय के मुख्य गेट का नवनिर्माण हेतु	2.89 लाख	3.00 लाख
3	पुराने भवन के प्रथम तल एवं द्वितीय के टायलेट, वाशरूम का निर्माण एवं रेनोवेशन हेतु	7.43 लाख	7.75 लाख
4	रेनवाटर हारवेस्टींग कार्य	2.20 लाख	2.40 लाख
5	जनरल अपग्रेडींग कार्य	13.53 लाख	14.00 लाख
	योग	**137.05 लाख**	**138.55 लाख**

उपरोक्तानुसार निर्माण / रेनोवेशन कार्यो का प्रशासकीय स्वीकृति एवं अवंटन प्रदाय करने की कृपा करें।

डॉ. (ज्योति रानी सिंह)
प्राचार्य
शासकीय जे.पी. वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय

Principal
Govt. J.P. Verma P.G. Arts & Commerce College
Bilaspur (C.G.)

E:\old pc data E drive\kanu2\OFFICIAL DOCUMENTS\LETTERS\PRINCIPAL LETTER RUNNING-A4.doc

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय जे.पी. वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय

बिलासपुर (छ.ग.) (नैक मूल्यांकन 'ए' ग्रेड)

Email - gpgacc.bsp@gmail.com Website - www.gjpvpgc.in

क्रमांक/2933/स्था./2021 बिलासपुर, दिनांक – 09/11/2021

प्रति,

आयुक्त,
नगर पालिका निगम, बिलासपुर
बिलापुर (छ.ग.)

विषय :– महाविद्यालय के बाउण्ड्रीवाल एवं मुख्य गेट का निर्माण कराने बाबत्।

संदर्भ :– इस कार्यालय का पृ.क्रमांक/2075/स्था./2021 बिलासपुर, दिनांक 09.02.2021

---00---

विषयांतर्गत सादर निवेदन है कि फ्लाई ओव्हर बृज निर्माण एवं ज्वाली नाले का पुर्ननिर्माण कराये जाने के कारण महाविद्यालय का बाउण्ड्रीवाल गिरा दिया गया है। जिसके पुर्ननिर्माण हेतु कार्यपालन अभियंता, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, पुराना आर.टी.ओ. आफिस बी.डी.ए. बिल्डिंग व्यापार विहार, बिलासपुर (छ.ग.) को पत्र लिखा गया है, जिसकी प्रति आपको भी पृष्ठांकित किया गया है। जो आज दिनांक तक अपेक्षित है।

महाविद्यालय का नैक (NAAC) राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, बैंगलोर द्वारा फरवरी 2016 में किया गया था, जिसमें महाविद्यालय को "ए" ग्रेड प्राप्त हुआ है। इस महाविद्यालय का पुनः नैक मूल्यांकन सत्र 2021–22 में कराये जाने हेतु IIQA एवं SSR भेजा जा चुका है।

महाविद्यालय के मुख्य गेट के सामने नाला का निर्माण एवं फ्लाई ओव्हर बृज का निर्माण होने के कारण मुख्य गेट जीर्णशीर्ण हो गया है एवं समस्त वाहन गेट के पास से गुजरता है, जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के बैठक दिनांक 27.10.2021 को आयोजित हुआ। जिसके अध्यक्ष श्री कांशीराम रात्रे, पूर्व पार्षद एवं एल्डरमेन नगर पालिका निमग, दिलासपुर है। जिसमें सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया कि आयुक्त, महापौर नगर पालिका निगम, बिलासपुर को पत्र लिखा जाये।

अतः कृपया उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय के मुख्य गेट एवं बाउण्ड्रीवाल का पुर्ननिर्माण कराने हेतु संबंधित अधिकारी को आदेशित/निर्देशित करने की कृपा करें।

(डॉ. ज्योति रानी सिंह)
प्राचार्य
Principal
Govt. J.P. Verma P.G. Arts
& Commerce College
Bilaspur (C.G.)

पृ.क्रमांक/2934/स्था/2021 बिलासपुर, दिनांक – 09/11/2021

प्रतिलिपि :–

1. माननीय श्री रामशरण यादव जी, महापौर, नगर पालिका निगम, बिलासपुर (छ.ग.) को आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर निवेदन के साथ प्रेषित।
2. माननीय श्री कांशीराम रात्रे जी, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति (पूर्व पार्षद एवं एल्डरमेन नगर पालिका निमग, बिलासपुर) को आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर निवेदन के साथ प्रेषित।

(डॉ. ज्योति रानी सिंह)
प्राचार्य
Principal
Govt. J.P. Verma P.G. Arts
& Commerce College
Bilaspur (C.G.)

नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
O/C